मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 29/04/2026

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति -- 183/2026
29 अप्रैल 2026
झारखंड मंत्रालय, रांची
========================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज झारखंड मंत्रालय में स्वास्थ्य विभाग एवं भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता तथा स्वास्थ्य अवसंरचना से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने **रिम्स-2 (RIMS-2)** बिल्डिंग परियोजना की प्रगति एवं संरचनात्मक पहलुओं का अवलोकन किया। प्रोजेक्ट के ओवरव्यू को देखते हुए उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा भवन की संरचना को और अधिक सुदृढ़, आधुनिक एवं मरीज-हितैषी बनाने के संबंध में कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। मौके पर मुख्यमंत्री ने राज्य के विभिन्न जिलों के चिकित्सकों से ऑनलाइन संवाद स्थापित कर आईसीयू में उपचाररत मरीजों की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं, उपकरणों एवं चिकित्सकीय प्रबंधन की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को उपचार व्यवस्था को और बेहतर एवं सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ प्रस्तावित “मिनी सचिवालय” **(Proposed Redevelopment of Project Building – Mini Secretariat)**

परियोजना की भी समीक्षा की। इस दौरान भवन की मुख्य संरचना, उपयोगिता एवं कार्यक्षमता को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

मुख्यमंत्री ने परियोजना को आधुनिक प्रशासनिक आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करने हेतु आवश्यक सुझाव एवं निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सभी परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने तथा आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए समन्वित प्रयास करने का निर्देश दिया। उक्त बैठक में स्वास्थ्य विभाग एवं भवन निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

=====================

#Team PRD(CMO)